**उ0प्र0 विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित, श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-5 का उत्तर:-**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 5 (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सिद्धार्थनगर के नगर पालिका तथा नगर पंचायत में नगर विकास विभाग द्वारा दिनांक 01 अप्रैल, 2023 से अब तक निर्मित कितनी सड़कों व नालों का स्थलीय निरीक्षण किया गया तथा उसमें कितनी अनियमितताओं का संज्ञान लिया गया है? | नगर विकास विभाग के शासनादेश संख्या-1145/9-8-2021 दिनांक 09/06/2021 मे निर्माण कार्यो की द्वितीय एवं तृतीय किश्त की धनराशि स्वीकृत किये जाने के पूर्व तकनीकी एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण किये जाने की व्यवस्था है। उक्त के क्रम में जनपद-सिद्धार्थनगर के नगर पालिका परिषदों तथा नगर पंचायतों में निर्मित सड़कों व नालों का स्थलीय निरीक्षण जनपद स्तर पर गठित टीम द्वारा किया जाता है। दिनांक 01 अप्रैल, 2023 से दिनांक 05-10-2024 तक कुल 210 सड़क/नाला-नाली में से 85 सड़क/नाला-नाली का स्थलीय निरीक्षण उक्त टीम द्वारा किया गया है। निरीक्षण में कोई अनियमितता प्रकाश में नहीं आयी है। शेष कार्यों के स्थलीय निरीक्षणोपरान्त नियमानुसार उचित कार्यवाही की जाएगी। |
| (ख) उक्त अनिमितताओं के संबंध में गुणवत्ता की जॉच प्राकलन के अनुसार न किये जाने के बावजूद भुगतान हेतु किसे उत्तरदायी माना गया है और उस पर क्या कार्यवाही की गई है? | उपरोक्तानुसार |
| (ग) क्या जॉच में प्राप्त हुई अनियमितताओं के उपरान्त भी भुगतान होने से संबंधित सम्पूर्ण आख्या सदन की मेज पर रखेंगे? | उपरोक्तानुसार |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

ए.के. शर्मा
मंत्री,
नगर विकास विभाग।